अभ्यास पत्र-2

पाठ 11-19

1. दिए गए वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।

(क) मोर नाच रहा है। (भविष्यत् काल) **मोर नाचेगा।**

(ख) बहुत तेज़ वर्षा हुई। (वर्तमान काल) **बहुत तेज़ वर्षा हो रही है।**

(ग) ऋचा दिल्ली जा रही है। (भूतकाल) **ऋचा दिल्ली गई।**

2. वाक्यों में आए क्रिया विशेषण शब्दों को पहचानकर लिखिए।

(क) मैंने अभी खाना खाया है। **अभी**

(ख) कछुआ धीरे चलता है। **धीरे**

(ग) सब्ज़ी में नमक कम है। **कम**

3. वाक्यों में उद्देश्य-विधेय को रेखांकित कीजिए।

(क) बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

उद्देश्य – बच्चे **विधेय –** पढ़ाई कर रहे हैं।

(ख) राजा सैर पर निकले।

उद्देश्य – राजा **विधेय –** सैर पर निकले।

4. इन विरामों के चिह्न लिखिए।

(क) अल्प विराम – **,** (ख) विस्मयादिबोधक चिह्न – **!**

5. इन शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।

(क) हिरन **मृग** (ख) मेघ **बादल**

(ग) मोर **मयूर** (घ) वर्षा **बारिश**

6. एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए।

(क) अदृश्य – **जो दिखाई न दे**

(ख) गोपनीय – **जो छिपाने योग्य हो**

7. अशुद्ध वर्तनी शुद्ध कीजिए।

(क) प्रशाद – **प्रसाद** (ख) नछत्र – **नक्षत्र**

8. मुहावरों के अर्थ लिखिए।

(क) दाँत खट्टे करना – **हरा देना**

(ख) बाल भी बाँका न होना – **थोड़ी-सी भी हानि न पहुँचना**